हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 25 जुलाई 2025

04 एसएनसीयू में भर्ती बच्चे की मृत्यु होने पर डॉक्टर पर...



07 मूसलाधार बारिश से फिर उफने नदी नाले...





## खबर संक्षेप

### दरबार सिंह बड़ागांव भाजपा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए गए



**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल द्वारा आगर जिले के बड़ागाँव मंडल अध्यक्ष पद पर दरबारसिंह ग्राम सुरजनी को नियुक्त किया है। दरबारसिंह की नियुक्ति पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत कर बधाइयां दी गई। गौरतलब है कि नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष दरबारसिंह की पत्नी नलखेड़ा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत धान्याखेड़ी की सरपंच भी है।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध की वैधानिक कार्रवाई



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रह, विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा जिले में महोड़िया रोड़ स्थित पप्पू एंड पप्पू ढ़ाबा से दो पेटी देशी मदिरा प्लेन के पाव जप्त किये गये तथा आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुण्डल, मुख्य आरक्षक विजय कुमार शर्मा एवं आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक 26 को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में 26 जुलाई को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई है।

### स्वच्छता पुरस्कार के नायकों को सम्मान देकर दी बधाई, नंबर वन में पहुंचने का रखा लक्ष्य

**सीहोर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में देश में छठवें स्थान एवं प्रदेश में प्रथम स्थान को प्राप्त करने के लिए शहर के लुनियापुरा स्थित एक निजी गार्डन में स्वच्छता पुरस्कार के नायकों को सम्मानित किया गया गया और इस मौके पर आगामी वर्ष 2025-2026 में देश में प्रथम आने का लक्ष्य हासिल करने की अपील की है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि हम पहले देश भर में बहुत पीछे थे, लेकिन आज प्रदेश में प्रथम स्थान में इस सफलता का श्रेय हमारे स्वच्छता मित्र है और इस उपलब्धि के असली हीरों है। अवार्ड मिलने के बाद एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर, सभी वार्ड के करीब 400 सफाई कर्मचारी, दरोगा, स्वच्छता प्रभारी आदि के मध्य पहुंचकर मिठाई खिलाकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि इस कार्यक्रम के कोई मुख्य अतिथि है तो वह हमारे नगर पालिका अमले के स्वच्छता मित्र यह पुरस्कार आपकी मेहनत का नतीजा है, आप सबने दिन-रात मेहनत कर शहर को चमकाया है अब हमें मिलकर शहर को चमकाया है, अब हमें मिलकर इसे देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाना है। शहर अब केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि जन-अभियान और स्वाभिमान का प्रतीक बनाना है। जनता का साथ भी मिल रहा है।

## दिगंबर जैन समाज में चल रहे धार्मिक प्रवचन में पहुंच रहे भक्त

# माता अपने बच्चों में अच्छे संस्कारों का बीजारोपण जरूर करें: मुनिश्री

*बड़ों के आचरण से ही बच्चे सीखते हैं, शिक्षक भी बच्चों के आदर्श होते हैं।*
*बच्चों के समक्ष बड़ों को अपने दुर्गुणों को प्रकट नहीं करना चाहिए।*
*माता को अपने बच्चों में अच्छे संस्कारों का बीजारोपण करना चाहिए।*
*धर्म के पथ से ही जीवन में शांति मिलती है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 1008 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज जी ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही मुनि श्री ने कहाकि धर्म करने से ही शांति की प्राप्ति होती है, अधर्मी के मन में शांति नहीं हो सकती है। धर्म के पथ से शांति मिलती है, लौकिक वस्तुओं से शांति नहीं मिल सकती है। अच्छे व्यक्ति को अपनी दृष्टि में सारे लोग अच्छे दिखाई देते। वही जिस व्यक्ति में नकारात्मक भाव होते हैं उसकों सभी लोग बुरे दिखाई देते हैं।

मुनिश्री ने कहा कि धर्म के मार्ग पर आने पर मन को शांति मिलती है। दुष्ट व्यक्ति के पास जाने से कभी कुछ नहीं मिलता है। जिस व्यक्ति के पास धर्म है तो वहां धर्म की ही बात करेगा। जिस प्रकार संत ज्ञान ध्यान में तल्लीन रहते हैं तो उनके पास जाने से आपको ज्ञान ही प्राप्त होगा। संत के पास जाने से उनके शरीर से सकारात्मक वर्गणा ही हमको मिलेगी। उन्होंने कहा कि जीवन में सदाचरण से सभी कार्य करना चाहिए। आचरण में श्रेष्ठ होना चाहिए। जीवन जीने का हर्ष होना चाहिए। शिष्टाचार होने से सभी पापों से मुक्त हो जाते हैं। मुनिश्री ने कहाकि जीवन जीना महत्वपूर्ण नहीं है, जीवन किस प्रकार जिया जाए वहां महत्वपूर्ण है। शिष्टाचार से ही प्रशस्त मार्ग मिलता है। धर्म करने से ही शांति प्राप्त होती है।

मुनिश्री ने कहा आचार्य अकलंक स्वामीजी ने आत्मा के बारे में बताएं की आत्मा वाच्य भी है तो अवाच्य भी है। आत्मा शब्दों के द्वारा कहीं भी जा सकती है, नहीं भी जा सकती है। स्वरूप की अपेक्षा से आत्मा के गुण कहे जा सकते। पर भावों की अपेक्षा से आत्मा के गुण नहीं कह सकते हैं। वस्तु के गुणों की अपेक्षा से उसके गुणों को बताया जा सकता है। स्वरूप की अपेक्षा से वस्तु अव्यक्त है। आत्मा त्रिकाल पदार्थों को जानती है, आत्मा का अनुभव नहीं किया जा सकता। आत्मा को वचन रूप से बता सकते हैं। वस्तु के स्वरूप का वचन से कथन तो किया जा सकता है। स्वरूप की अपेक्षा से आत्मा वाच्य है। मुनि श्री ने लड्डू का दृष्टांत देते हुए बताया कि लड्डू का वाच्य रूप से वर्णन करने से लड्डू को स्वाद नहीं आता उसको खाने से ही उसका स्वाद आता है। हमें भी आत्मा के स्वाद के लिए आत्मा में उतरना चाहिए। इसके लिए आत्मा का अनुभव करने के लिए आत्मा में उतरना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि आत्मा अरस, अरूप, अगंध होती है, आत्मा इंद्रियों से अगोचर है। कोई भी व्यक्ति जन्म से महान नहीं होता, शनैः शनैः वहां संसार को जानने लगता है। संसार में आकर उसको धर्म के मार्ग व अधर्म के मार्ग दोनों दिखाई देते हैं।

जिस प्रकार माता के प्रोत्साहन से बच्चे मंदिर जाते हैं। इसी प्रकार बच्चों में संस्कारों की नींव रखी जा सकती है। मुनिश्री ने कहाकि कभी-कभी बच्चे अधर्म के मार्ग पर भी चल देते हैं, बालक जब धर्म सभा में बैठकर सप्त व्यसनों के बारे में सुनते हैं तो स्कूल कॉलेज में जाकर भी संस्कारित ही रहेंगे। संगति का जीवन में बहुत बड़ा प्रभाव होता है। माता को अपने बच्चों में अच्छे संस्कार के बीज बोना चाहिए। संस्करों में शिक्षक की भूमिका भी अहम् होती है। बड़ों के आचरण से ही बच्चे सीखते हैं, शिक्षक भी बच्चों के आदर्श होते हैं। बच्चों के समक्ष बड़ों को अपने दुर्गुणों को प्रकट नहीं करना चाहिए। गणधर मुनि श्री विवर्धन सागर जी, मुनि श्री विश्व नायक सागर जी के प्रतिदिन दिगंबर जैन मंदिर चौक बाजार में प्रातः 8:45 से 9:45 तक धार्मिक प्रवचन चल रहे हैं।

## महामंडलेश्वर कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए हुए रवाना



**नलखेड़ा।** विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम के संत अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री स्वामी सांदीपेंद्र गिरि जी महाराज (पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) गुरुवार को कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए रवाना हुवे। उनके साथ पंडित दिलीप शर्मा भी गए है। गुरुवार प्रातः स्वामीजी आश्रम से सड़क मार्ग से दिल्ली के लिए रवाना हुवे जहाँ से हवाई मार्ग से काठमांडू नेपाल पहुंचेंगे। जहाँ भगवान पशुपतिनाथ गुहेशवरी माता शक्ति पीठ तथा बूढ़ा नीलकंठ मंदिर के दर्शन पश्च्यात अगले दिन कैरूंग बोर्डर के लिए प्रस्थान करेंगे। अगले दिन कैरूंग से सागा के लिए प्रस्थान करेंगे। मार्ग में सुंदर पहाड़ियों में तैंतीस करोड़ देवी देवताओं के दर्शन करते हुए पवित्र ब्रह्मपुत्र नदी का आशीर्वाद लेंगे। सागा से अगले दिन कैलाश मानसरोवर के लिए रवाना होंगे। रास्ते में कभी पितरों के दर्शन कभी संतो के दर्शन कहीं कस्तूरी मर्ग के दर्शन का लाभ भी मिलेगा। रात को 2 बजे झील के किनारे पर बैठकर पवित्र ज्योति पुंज मतलब देवी देवताओं के ज्योति रूप में दर्शन होंगे जो सुबह 4 बजे तक स्नान करने आते हैं। इसके पश्च्यात मानसरोवर झील में स्नान तथा हंसों को मोती दान तथा हवन पूजा के पश्चात मानसरोवर झील की परिक्रमा करते हुए राक्षस ताल के मान्धाता पर्वत तथा कैलाश पर्वत के दर्शन करते हुए यम द्वार की परिक्रमा कर भगवान के चरण माने जाने वाले धारचीन में रात्रि विश्राम करेंगे। जहाँ से पुनः काठमांडू के लिए प्रस्थान करेंगे। कैलाश मानसरोवर की उक्त यात्रा 10 दिनों में पूर्ण होगी। स्वामी जी की कैलाश मानसरोवर की यह दूसरी यात्रा है। इसके पूर्व भी वे कैलाश मानसरोवर की यात्रा कर चुके है।

### सौरभ जैन सुसनेर भाजपा मंडल अध्यक्ष नियुक्त

**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल द्वारा आगर जिले के सुसनेर मंडल अध्यक्ष पद पर सौरभ जैन को नियुक्त किया है। श्री जैन की इस नियुक्ति पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत कर बधाइयां दी गई। सौरभ जैन वर्तमान में भाजपा जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री पद पर कार्यरत है।



## शिवलिंग की ज्योति और मन की ज्योति का संगम आध्यात्मिकः कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा

### निकाली जाएगी डाक कांवड़, बड़ी संख्या में शामिल होंगे श्रद्धालु



**सीहोर।** शिवलिंग की ज्योति और मन की ज्योति का संगम, आध्यात्मिक और दार्शनिक दृष्टिकोण से, एक गहन विषय है। यह प्रकाश और चेतना के मिलन का प्रतीक है, जहां भौतिक ज्योति (शिवलिंग) और आंतरिक ज्योति (मन की ज्योति) एक साथ आते हैं। शिवलिंग और हमारे हृदय की ज्योति का मिलन हमे ऊर्जा देता है। जिसके बल पर हम सदमार्ग की और अनुसरण करते है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी पांच दिवसीय आन लाइन शिव महापुराण के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। बुधवार को हजारों की संख्या में कांवड लेकर और श्रद्धालु धाम पर पहुंचे और पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना की। गुरुवार को शहर के सीवन घाट से डाक कावड सुबह नौ बजे समिति के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, विनय मिश्रा आदि के द्वारा निकाली जाएगी और आगामी छह अगस्त को भव्य कावड यात्रा की तैयारियां की जा रही है। जिसमें लाखों श्रद्धालुओं आऐंगे।

इस मौके पर उन्होंने श्रद्धालुओं से कहाकि आप लोग कांवड लेकर करीब 11 किलोमीटर की यात्रा करते हुए आ रहे है, यह बल आपको कौन दे रहा है, यह आपका आत्मबल है। जब आप भक्ति की शक्ति के संगम में रहते है तो आपको यात्रा के दौरान कोई भी कठिनाई नहीं होती है। भूख-प्यास आदि समाप्त हो जाती है, यही शक्ति आपको सकारात्मकता से लबरेज करती है, इस भक्ति और विश्वास से आप शिव को प्राप्त कर सकते है। बुधवार को आन लाइन शिव महापुराण के दौरान पंडित श्री मिश्रा ने कथा के दौरान शमी और वेलपत्र के पौधों के महत्व के बारे में बताया और मायासुर आदि के बारे में विस्तार से बताया।

**रोग मुक्ति के लिए शिव की आराधना :** बुधवार को कथा के तीसरे दिन पंडित श्री मिश्रा ने यहां पर आए श्रद्धालुओं के पत्र का अध्ययन करते हुए बताया कि शिव तत्व किसे कहते है, तेरी कृपा क्या है भरोसा भजन सुनाते हुए कहाकि भगवान पर किया विश्वास कभी खाली नहीं जाता है। उन्होंने राजस्थान के डोगरपुर से आई निर्मला ने बताया कि एक लोटा जल हर समस्या का हल है, उनके कान में रोग था, लेकिन शिव की कृपा से उनको रोग से मुक्ति मिली है, वहीं उत्तरप्रदेश की स्वाति अग्रवाल के पेट में दर्द था, जांच में पता चला कि गांठ है और उसके पश्चात उन्होंने डॉक्टर की दवाई के साथ भगवान शिव की भक्ति की अब वह ठीक है।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत 151 पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत नगर परिषद द्वारा श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर के सामने ग्रीन पार्क में 151 पौधों का रोपण किया गया। हरियाली अमावस्या के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत गुरुवार को प्राचीन बल्डावदा हनुमान मंदिर के सामने नगरपरिषद के निर्माणाधीन ग्रीन पार्क मे नगरपरिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ओर सभी पार्षद गणों व सीएमओ एवं सभी कर्मचारियों के द्वारा पौधारोपण किया गया।

नप द्वारा हरियाली अमावस्या पर किया पौधा रोपण नगर परिषद सीएमओ विजय बहादुर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नगरवासियों व समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, पार्षदगण गोवर्धन वेदिया, विष्णु प्रसाद आटेडिया, इसाक खा, विजय भिलाला, वंदना अशोक जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधिगण भूरू मेव, इलियास खा, अशोक जायसवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय बहादुर सिंह, बाबूसिंह राजपूत सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### पौधरोपण के साथ पौधों के देखभाल की शपथ भी ली गई

**नलखेड़ा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हरियाली अमावस्या के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में अस्पताल स्टॉफ व नगर पंचायत कर्मचारियों के द्वारा पौधारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में पौधरोपण के साथ पौधो के देखभाल की शपथ भी ली गई।



## हरियाली अमावस्या पर गुरुकुल स्कूल के बच्चों ने मोहा दर्शकों का मन, कई कार्यक्रम हुए आयोजित

# विद्यार्थियों ने हरे रंग के वस्त्र पहनकर प्रस्तुतियां दी, किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय पांडिया कॉलोनी स्थित गुरुकुल कान्वेंट स्कूल में हरियाली अमावस्या के उपलक्ष पर ग्रीन डे का आयोजन रखा गया एवं पौधारोपण किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम बच्चों को हरे रंग के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया। सभी बच्चों को हरे रंग से संबंधित विभिन्न आकृति, जैसे कि ग्रीन शीट की मदद से ग्रीन वेजिटेबल ग्रीन फ्रूट्स ग्रीन ट्री का गेटअप बच्चों को हरे रंग के कपड़े पहनाकर बच्चों को घर से हरे रंग का नाश्ता या फल लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सभी बच्चों ने गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम पश्चात बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा विद्यालय में पौधा रोपण भी किया गया इस अवसर पर सभी शिक्षक उपस्थित थे।




### हरियाली अमावस्या पर शांति धाम खेलागांव व देहरीदेव में पौधारोपण किया



**नलखेड़ा** जनपद पंचायत नलखेड़ा की ग्राम पंचायत खेला गांव के द्वारा हरियाली अमावस्या के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शांति धाम खेलागांव व देहरी देव में पौधारोपण किया गया तथा उनकी सुरक्षा तथा देखभाल करने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच दिनेश हरिनारायण पाटीदार के साथ ग्राम वासी भी उपस्थित थे जिनके द्वारा शांति धाम के प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधों का पौधारोपण किया गया। ताकि यहां पौधे बड़े होकर वृक्ष के रूप में सभी को छाया दे सके।

## हरियाली अमावस्या पर जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप युवा यूनिक नलखेड़ा का विशेष आयोजन किया आयोजित





**नलखेड़ा।** हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप युवा यूनिक नलखेड़ा ने एक विशेष आयोजन किया। इस अवसर पर ग्रुप द्वारा सामाजिक उत्कृष्टता प्रदान करने वाले नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, उपाध्यक्ष प्रीतेश फाफरिया, जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ अध्यक्ष जितेन्द्र सकलेचा, श्री जिन पार्श्व कुशल दादावाड़ी अध्यक्ष जयन्त धूपिया, सोशल ग्रुप अध्यक्ष राकेश दुग्गड़ और नवरत्न परिवार अध्यक्ष राहुल काठेड़ का स्वागत तुलसी और गुड़हल के पौधे द्वारा किया गया।ग्रुप अध्यक्ष उमंग फाफरिया ने बताया कि गत 2 वर्षों से हरियाली अमावस्या पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष समाज में विशिष्ट सेवा के लिए सम्मान के तहत पौधे भेंट किए गए और पौधारोपण के लिए लोगों को जागरूक किया गया। ग्रुप का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है।

## खबर संक्षेप

### युवक का शव सीमेंट के पिलर पर लटका मिला लगाई फांसी

**देवास।** निजी कंपनी में कार्यरत 30 साल के युवक ने छत पर फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान शुभम मंडलोई के रूप में हुई है। वो भूतिया बुजुर्ग टोंकखुर्द का रहने वाला था और पिछले एक साल से कालानी बाग राज राजेश्वरी मंदिर के पास किराए के मकान में रह रहा था। घटना बुधवार रात की है। शुभम ने मकान की छत पर सीमेंट के पीलर पर फंदा लगाया। इस दौरान उसकी पत्नी घर पर ही मौजूद थी। रात करीब साढ़े 10 बजे मकान मालिक के बेटे ने परिजनों को घटना की सूचना दी। इसके बाद शव को अस्पताल ले जाया गया। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की तीन साल पहले शादी हुई थी। परिजनों ने शुभम के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई है। उन्होंने पुलिस से मामले की गहन जांच की मांग की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### कोर्ट में मारपीट का प्रयास करने वाले लोगों पर प्रकरण किया दर्ज

**देवास।** शहर में फर्जी फेसबुक आईडी से भड़काऊ और अभद्र पोस्ट करने के आरोपी हर्ष वर्मा को बुधवार को जब कोर्ट में पेश किया गया, तो वहां मौजूद भीड़ ने उसके साथ मारपीट और झूमा झटकी की कोशिश की।पुलिस ने सुरक्षा घेरा बनाकर आरोपी को बचाया। गुरुवार को मामले में पुलिस ने मारपीट और झूमा झटकी करने वालों 34 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया हैं।

### आईडी ने आयोजित की राउंड टेबल मीट

**देवास।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन, देवास द्वारा बुधवार को राउंड टेबल मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देवास के दंत चिकित्सकों ने अपनी फील्ड में आ रही नित नई चुनौतियों एवं उनके समाधानों पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष डॉ वकार अहमद द्वारा की गई। कार्यक्रम में डॉ प्रतीक श्रीवास्तव, डॉ अनिमेष शर्मा, डॉ राहुल राठौर, डॉ अशोक सिंह सेंधव, डॉ चेतन जोशी, डॉ वरुण त्रिपाठी, डॉ वैभव शर्मा, डॉ अभिराज सोनी, डॉ वैदिक पटेल एवं मानस वर्मा मौजूद रहे।

### कलेक्टर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

# एसएनसीयू में भर्ती बच्चे की मृत्यु होने पर डॉक्टर पर की जाएगी कारवाई: कलेक्टर

### टीकाकरण कार्यक्रम में कम उपलब्धि पर कलेक्टर ने बीईई अशोक खाकरिया को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, सीएमएचओ डॉ सरोजनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन डॉ आर.पी. परमार, एमपीवीएचए से आनंद वर्मा, नयन पांडेय, डब्ल्यूएचओ से अभिषेक बछोतिया, कार्यक्रम नोडल अधिकारी, बीएमओ, विकासखण्ड कार्यक्रम अधिकारी, बीईई, लेखापाल, सुपरवाईजर सहित शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने शिशु स्वास्थ्य एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत बच्चों एवं महिलाओं का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं प्रदायगी, आयुष्मान योजना सहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम मिशन परिवार विकास कार्यक्रम, मलेरिया, टीबी, कुष्ठ, एनआरसी, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, आशा कार्यक्रम, एसएनसीयू, एनसीडी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियन्त्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने टीकाकरण कार्यक्रम समीक्षा के दौरान बरोठा और सोनकच्छ में लक्ष्य से कम उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बीएमओ को नियमित समीक्षा कर 95 प्रतिशत से कम उपलब्धि पर कार्यवाही के निर्देश दिए। टीकाकरण कार्यक्रम में कम उपलब्धि पर कलेक्टर सिंह ने बीईई अशोक खाकरिया को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने एएनसी पंजीयन की समीक्षा की जिसमें बरोठा, देवास अर्बन, खातेगांव, टोंकखुर्द में सबसे कम प्रगति पाई गई। जिस पर निर्देश देते हुए कहा कि एएनसी पंजीयन में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

एएनसी पंजीयन के अनुरूप डिलेवरी होनी चाहिए। होम डिलेवरी की जानकारी एएनएम द्वारा पंजीकृत की जाये। बीएमओ को निर्देश दिये कि अटेंडेंस रजिस्टर बनाये 11 बजे तक सब की अटेंडेंस होनी चाहिए। साथ ही उक्त दिवस ड्यूटी चिकित्सक और स्त्री रोग विशेषज्ञ ड्यूटी के संबंध में विभागीय जांच सीएमएचओ और सिविल सर्जन के द्वारा कर रिपोर्ट 15 दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रकरण में गर्भवती की जांच और रेफरल संबंधित कार्यवाही में पीएचसी पुंजापुरा के मेडिकल ऑफिसर डॉ अनिल धनगर के विरुद्ध विभागीय जांच के निर्देश दिए। सभी बीएमओ को मॉनिटरिंग कर गूगल शीट के माध्यम से प्रति प्रसव केंद्र पीएचसी सीएचसी में 15 दिवस में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच संबंधी एंट्री करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसएनसीयू सेवाओं की समीक्षा में नवजात की मृत्यु के उचित प्रबंधन के आवश्यक जांच और दवाईयों की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि भर्ती सभी नवजात शिशुओं की कल्चर जांच अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने विगत माह मृत्यु के प्रकरणों की विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसएनसीयू में किसी भी बच्चे की मृत्यु नहीं होनी चाहिए अन्यथा संबंधित डॉक्टर पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# धाराजी घाट से मां नर्मदा का जल भरकर आई कांवड़ यात्रा

### जगह-जगह हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

मालवा अंचल की सबसे बड़ी 150 किलोमीटर की बोल बम कावड़ यात्रा मां नर्मदा के पवित्र धाराजी तट से जल भरकर बाबा महांकाल उज्जैन का जलाभिषेक करने के लिए 22 जुलाई से प्रारंभ हुई है। 29 जुलाई को महाकाल का जलाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान कावड़ यात्रा पैदल 80 किमी का सफर तय कर गुरुवार शाम को चापडा पहुंची, जहां पर रात्रि विश्राम किया गया। यात्रा का बागली चापडा के बीच जगह-जगह स्वागत हुआ। पुरा क्षेत्र भोलेनाथ की भक्ति में नजर आया। बोल बम के जयकारों के साथ यात्रा चापडा पहुंची, जहां पर बागली रोड पर ऋणमुक्तेश्वर महादेव पर जिले कि सबसे बड़ी कावड़ यात्रा का नगर वासियों सहित आसपास के गांवों के लोगों ने भव्य स्वागत किया। यात्रा ने नगर भ्रमण किया जिस दौरान जगह-जगह फल फ्रूट, दुग्ध,चाय यात्रियों को वितरण करते हुए पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गिरधारी गुप्ता ने बताया कि यात्रा का यह 29 वा वर्ष है।जिसमे देवास सहित अन्य जिले के यात्री भी शामिल हैं। यात्रा में इस वर्ष लगभग 1200 से अधिक की संख्या यात्री सम्मिलित हुए हैं। कावड़ यात्री प्रत्येक वर्ष जहां-जहां रात्रि विश्राम करते हैं वहां पर पौधा जरूर लगाते है। गुरुवार को कावड़ यात्रियों के लिए रात्रि विश्राम के दौरान भोजन व्यवस्था प्रतिवर्ष अनुसार रामचंद्र पाटीदार, बद्रीलाल पाटीदार इकलेरा वाले की तरफ से की गई थी, जिसमें लगभग यात्रियों सहित हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान रामचंद्र पाटीदार व्दारा यात्रा संयोजक का साफा बांध कर स्वागत किया गया। पुंजापुरा में हुई घटना के बाद प्रशासन की निंद खुली ओर चापडा में कावड यात्रियों के लिए स्वास्थ्य टीम को चापडा भेजा गया। अवल्दी फाटे पर ग्राम अवल्दी,अवल्दा के सभी ग्रामीणों व्दारा यात्रा का स्वागत किया गया। पुंजापुरा में पुर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे, मोतिलाल पटेल,अशोक पटेल व्दारा यात्रा का स्वागत किया गया। राम रसोड़ा समिति द्वारा चाय वितरण की गई,धारुसिंग पाटीदार, टोनी जैन, राजेश दुग्गड, धर्मेंद्र सिंह सेंधव, अनारसिंह सेंधव आदि ने स्वागत किया।इस दौरान यात्रा संरक्षक प्रदीप मेहता, पुजारी दीपक, विवेक, रामप्रसाद सूर्या, बाबूलाल पाटीदार, जेसी यादव, धनश्याम पाटीदार,धारूसिंग पाटीदार, राजेश दुग्गड, हुकमचंद कंठली, सालिग्राम पाटीदार, संतोष कुमार जैन सहित आसपास के सभी गांवों से ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी उपेंद्र नाहर, राकेश नरवरिया, सचिन कश्यप,सैनिक गुलाब सिंह सेंधव पुरे समय उपस्थित रहे।



# स्मार्ट मीटर और बढ़ते बिलों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, नारेबाजी कर विद्युत वितरण कंपनी का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बिजली बिलों में बढ़ोत्तरी और स्मार्ट मीटर की गड़बडिय़ों के विरोध में गुरुवार को जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने विद्युत वितरण कंपनी का घेराव किया। कांग्रेस कार्यकर्ता चामुंडा कॉम्प्लेक्स से रैली के रूप में कंपनी कार्यालय पहुंचे, जहां पुलिस ने पहले से बैरिकेड्स लगाकर तगड़ा बंदोबस्त किया था। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर की तकनीकी खामियों से उपभोक्ताओं को मनमाने बिल दिए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि मीटर हटाकर पुराने सिस्टम को वापस लाया जाए और आम जनता को राहत दी जाए। इस संबंध में बिजली कंपनी को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। शहर जिलाध्यक्ष मनोज राजानी ने आरोप लगाया कि गरीब परिवारों पर 5-5 हजार रुपए के बिल थोपे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अडानी-अंबानी को फायदा पहुंचाने के लिए बिजली के नाम पर जनता को लूट रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगे नहीं मानी गईं तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन यंत्री विश्वजीत झा ने बताया कि कांग्रेस प्रतिनिधि मीटर हटाने की मांग को लेकर आए थे, लेकिन स्मार्ट मीटर आम उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए लगाए जा रहे हैं।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर कभी ज्यादा रीडिंग दिखाते हैं तो कभी बिना जानकारी के बिजली कट जाती है। बिल समय पर भरने के बावजूद मेंटेनेंस के नाम पर बार-बार कटौती हो रही है। पूर्व सरकार में जहां 100 रुपए में 100 यूनिट मिलती थी, महंगी दरों पर मनमाने बिल थमाए जा रहे हैं। प्रदर्शन में कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा, डॉ. मंसूर शेख, प्रतीक शास्त्री, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, प्रमोद सुमन, अनिल गोस्वामी, कल्याण सिंह पंवार, इम्तियाज शेख भल्लू, सूरज सिंह चावड़ा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हर बूथ पर पौधे लगाने अभियान शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर भौरासा में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा हरियाली अमावस्या से लेकर जन्माष्टमी तक हर बुथ पर 100 वृक्ष लगाने के अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत बाबा भवरनाथ मंडल भौंरासा में संगठन के प्रभारी महेश पाटीदार द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुआत की कर स्कूल प्रांगण मंदिर प्रांगण में पौधे लगाए गए। इस कड़ी में बाबा भवर नाथ मंदिर प्रांगण व शासकीय बालक हाई सेकेंडरी स्कूल एव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरासा सहित अन्य जगहों पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, मंडल महामंत्री संजय यादव, वरिष्ठ नेता बाबूलाल डोडिया, मोहनलाल यादव, जगदीश माली, डॉ. रूप सिंह नागर, ओम प्रकाश जायसवाल, प्रमोद पालीवाल, मुकेश कुमावत, देवी सिंह गुर्जर, यसवंत सिंह राजपूत, स्कूल प्राचार्य राजेंद्र चौधरी,मनीष लाहोटी, राहुल मंगल, विनोद नागर ,सहित अन्य सभी वरिष्ठ एव युवा साथी उपस्थित रहे।

### निगम ने हटाया गोया फ्रुट मार्केट व एबी रोड से अस्थाई अतिक्रमण

**देवास।** गुरूवार को वार्ड 39 मे स्थित गोया फ्रूट मार्केट पर फ्रूट व्यवसायियों के द्वारा अपनी हदों से आगे सामग्री रखकर विक्रय करने पर मार्केट मे आने वाले आम नागरिकों व रहवासियों को आवागमन मे बाधा उत्पन्न हो रही थी जिसको दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त रजनीश कसेरा को वार्ड पार्षद हनीफ उर्फ बाली घोसी के द्वारा की गई मांग पर गोया फ्रूट मार्केट मे व्यवसायियों द्वारा अपनी हदों से आगे फ्रूट सामग्री रखकर अपना व्यवसाय करने पर पार्षद बाली घोसी की उपस्थिति मे निगम की रिमूवल एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम बनाकर व्यवसायियों को सामग्री अपनी हदों मे ही रखकर विक्रय करने की समझाइश देते हुए गोया मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त किया गया। इसी प्रकार निगम की टीम के द्वारा सयाजी द्वार से बस स्टैंड स्थित ट्रैफिक चौकी तक अस्थाई अतिक्रमणों को पुलिस प्रशासन के सहयोग से हटाये जाने की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण हटने से मार्ग खुला खुला सा नजर आया। की गई उक्त कार्यवाही मे निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे, स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ठाकुर, संदीप सांगते, दरोगा विकास सांगते, अबरार पठान के साथ निगम की टीम उपस्थित रही।

# हाटपीपल्या में आयोजित हो रहा मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता का अनवाइंड रिसॉर्ट में इवेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



हाटपिपल्या में चापडा मार्ग पर स्थित अनवाइंड रिसॉर्ट में पहली बार मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता के लिए इवेंट किया जा रहा है। जो कि 27 जुलाई तक चलेगा। इवेंट में देशभर की 53 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सिलेक्शन होने के बाद प्रतिभागी 2025 की मिस यूनिवर्स के लिए हिस्सा लेंगी। टीम ग्लैमनंद ग्रुप के चेयरमैन निखिल आनंद के नेतृत्व में एक सप्ताह तक इवेंट के दौरान सैश प्रेज़ेंटेशन सेरेमन, सूफ़ी नाइट,बॉलीवुड नाइट साथ ही कई फ़ोटोशूट और प्री-फिनाले गतिविधियाँ भी आयोजित की जा रही हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 की विजेता भारत का प्रतिनिधित्व नवंबर 2025 में थाईलैंड में होने वाले अंतरराष्ट्रीय फिनाले में करेंगी। गुरुवार को चेयरमैन निखिल आनंद ने बताया कि मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश के हाटपिपल्या में पहली बार हो रहा है। अनवाइंड रिसॉर्ट के प्रोमोटर यशराज टोंगिया ने कहा अनवाइंड सिर्फ एक वेन्यू नहीं, बल्कि ज़िंदगी के सबसे खूबसूरत लम्हों का मंच है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 की मेज़बानी करना हमारे क्षेत्र के लिए एक गौरवशाली क्षण है। इस दौरान मिस यूनिवर्स प्रतिभागियों ने भी मिडिया से अपना अनुभव शेयर करते हुए कहां कि वह आज जिस मुकाम पर पहुंची है, उसमें उनके माता-पिता का सहयोग है। यदि माता-पिता बेटियों का सहयोग करते है तो वह बेटियां अपने मनपसंद क्षेत्र में आगे बढ़ सकती है।

### जिला पंचायत सीईओ की उपस्थिति में कन्नौद विकासखंड के सरपंचों को दिया प्रशिक्षण

# सीईओ शर्मा ने बैठक में समय-सीमा में कार्य करने दिए निर्देश






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा की उपस्थिति में कन्नौद विकासखंड के सभी सरपंचों एवं अन्य संबंधितों को पंचायत राज व्यवस्था, पंचायत सशक्तिक विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण जिला पंचायत की टीम द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने सरपंचों को योजनाओं के प्रति जागरूकता और कार्य निष्पादन में सुधार के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत की टीम ने सरपंचों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, बजट प्रबंधन, और ग्रामीण विकास से जुड़े नवीन दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान किलकारी अभियान के नवाचारों को वीडियो के माध्यम से सरपंचों को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान शर्मा ने जनपद स्तरीय सभी अधिकारियों, उपयंत्रियों, ग्राम पंचायत सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक ली। शर्मा ने सेक्टरवार जानकारी लेकर समय-सीमा मे गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन और अन्य ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों को योजनाओं में प्रगति लाने और कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। शर्मा ने प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश सभी संबंधितों को दिए। उन्होंने 15वें वित्त आयोग के तहत चल रहे कार्यों, विशेष रूप से आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण को पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों को कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने संबंधितों को निर्देश दिए कि विकासखंड में जो भी कार्य किए जा रहे हैं, उनमें गति लाएं तथा शीघ्र पूर्ण करें। इस दौरान उन्होंने कन्नौद विकासखंड में विभिन्न शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिये।

### हरियाली अमावस्या पर नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

हरियाली अमावस्या के अवसर पर नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत चारिया में किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच संगीता चौहान, विशेष अतिथि रचना बागवान और मुख्य वक्ता प्रफुल्ल पाठक रहे। महिला सशक्तिकरण एवं जन जागरूकता को लेकर रचना बागवान द्वारा जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रफुल्ल पाठक ने बताया कि हरियाली अमावस्या से 5 दिन तक पूरे प्रदेश भर में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सभी महिलाओं को पौधारोपण थैलियों का वितरण किया जाएगा इसे आपको एक वर्ष तक बच्चों की तरह बड़ा करना है। अगले वर्ष हरियाली अमावस्या पर अपने आंगन में इस पौधे को लगाना है। इस दौरान बेलपत्र, सीताफल, जामफल आदि के बीज रोपित थैलियां वितरण की गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बसकन्या गुनाया, परामर्शदाता अशोक भाटी, गोकुल राठौर एवं एमएसडब्ल्यू स्टूडेंट्स राहुल मालवीया, बलराम सिंधल विशेष रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### एकराय होकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा के ग्राम साढूमल निवासी पूरन पुत्र मलखान अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 19 जुलाई की रात करीब 9 बजे गांव के सुन्दर पुत्र रघुवीर अहिरवार, रामनरेश पुत्र ऊदल, अमोल, अंकित पुत्रगण रामदयाल अहिरवार ने एकराय होकर शराब के नशे में उसे गालियां दीं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट कर दी। बचाव करने आयी उसकी पत्नी मिथलेश व बहू सुनीता के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सरकारी नाली व चकमार्ग पर अवैध कब्जा

**ललितपुर।** सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ऐसा ही मामला महरौनी से प्रकाश में आया है, यहां लेखपाल की तहरीर पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले ग्रामीणों ने लामबंद होकर उप जिलाधिकारी महरौनी को लिखित शिकायती पत्र दिया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि गांव के दबंग लोग सरकारी नाली व चकमार्ग पर अवैध कब्जा किये हुये हैं। प्रकरण की जांच लेखपाल निशान्त तिवारी द्वारा की गयी। जिला हमीरपुर अंतर्गत ग्राम चिकासी के मूल निवासी लेखपाल निशान्त तिवारी ने कोतवाली महरौनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ग्राम लरगन स्थित चकमार्ग 1008 व आराजी संख्या 1007 नाली पर प्रकाश पुत्र गोरेलाल लोधी द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। उन्होंने उप जिलाधिकारी महरौनी के आदेश का हवाला देते हुये अवैध कब्जेदार प्रकाश पुत्र गोरेलाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी। महरौनी कोतवाली पुलिस ने लेखपाल निशान्त तिवारी की तहरीर पर अवैध कब्जा करने वाले प्रकाश लोधी के खिलाफ बीएनएस की धारा 329 (3) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### खेत में गाय घुस जाने पर पूरे परिवार से मारपीट

**ललितपुर।** गाय को चारा खिलाने खेत ले गये युवक व गाय पर लाठी से हमला करने वाले युवक पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। प्रकरण को लेकर महरौनी के ग्राम सिंदवाहा निवासी विकास जोशी पुत्र सुकपाल जोशी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 15 जुलाई को वह अपनी गाय को लेकर खेत में चारा खिलाने गया हुआ था, जहां उसकी गाय निसार पुत्र शौकत अली के खेत में चली गयी। तभी मौके पर मौजूद निसार ने उसकी गाय को डण्डा दे मारा। विरोध करने पर निसार ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गया। बताया कि 22 जुलाई को फिर से शाम करीब5 बजे निसार ने अपने परिवार में निसार पुत्र शौकत अली, नौसाद पुत्र निसार अली, समीर पुत्र सुबराती, नासिर अली पुत्र निसार के साथ एकराय होकर घर आये और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। आवाज सुनकर जब उसका भाई आनन्द बाहर निकला तो उसके साथ मारपीट कर दी। बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गांव के दबंगों ने घर आकर मारपीट की

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम खोंखरा निवासी नरेन्द्र सिंह पुत्र ऊदल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 20 जुलाई को वह घर पर था, तभी गांव के प्रतिपाल सिंह, इन्दर सिंह पुत्रगण मेहरबान सिंह एकराय होकर आये और शाम करीब 6 बजे लेवर को काम करते हुये पूछा की नरेन्द्र कहां है, आवाज सुनकर वह जैसे ही बाहर आया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये लात-घूसों से मारपीट कर दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसे लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर श्रद्धालुओं ने बनाए 13 लाख पार्थिव शिवलिंग

**स्वामी चन्द्रेश्वर गिरी महाराज ने कहा कि भोले की भक्ति निराली है, जो पूजन करता है उसकी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्री सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर चल रहे सवा पांच करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया जा रहा है श्रद्धालुओं ने 13 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण किये। प्रातः कालीन बेला में यज्ञशाला में श्री रूद्रमहायज्ञ का पंचांग पूजन किया गया, जो मुख्य यजमान सहित अन्य सह यजमानों द्वारा किया गया। अपरान्ह में पार्थिव शिवलिंग का पूजन व महारूद्राभिषेक किया गया। जो मुख्य यजमान हरिशंकर साहू सहित सहयजमानों आदि ने किया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को श्री शिवमहापुराण की कथा सुनाते हुए श्री चंडी पीठाधीश्वाराचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वर गिरी महाराज ने कहा कि भोले की भक्ति निराली है। जो भगवान की भक्ति पूजन अर्चन करता है। भगवान उसकी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते है। भगवा-शिव मे भक्ति होने से मनुष्य संसार बंधन से मुक्त हो जाता है। देवता के कृपा प्रसाद से उनमे भक्ति होती है और भक्ति से देवता का कृपाप्रसाद प्राप्त होती है। शिवपद कि प्राप्ति हि साध्य है । उनकी सेवा ही साधन है तथा उनके प्रसाद से जो नित्य -नैमितिक आदि फलो कि ओर से निःस्पृह होता है, वही साधक है। वेदोक्त कर्म का अनुष्ठान करके उसके महान फल को भगवान शिव के चरणों में समर्पित कर



देना हि परमेश्वर पद कि प्राप्ति है। वही सालोक्य आदि के क्रम से प्राप्त होने वाली मुक्ति है। उन भक्तों को भक्ति के अनुसार उन सबको उत्कृष्ट फल कि प्राप्ति होती है। उस भक्ति के साधन अनेक प्रकार के है



,जिनका प्रतिपादन साक्षात महेश्वर ने ही किया है। कान से भगवान के नाम गुण और लीलाओं का श्रवण वाणी द्वारा उनका कीर्तन तथा मन द्वारा उनका मनन - इन तीनो को महान साधन कहा गया है। तात्पर्य यह कि महेश्वर का श्रवण, कीर्तन और मनन करना चाहिये। यह श्रुति का वाक्य हम सब के लिये प्रमाणभूत है। इसी साधन से संपूर्ण मनोरथो कि सिद्धि में लगे हुए आपलोग परम साध्य हो। लोग प्रत्यक्ष वस्तु को आँख से देख कर उसमे प्रवृत होते है। अतः पहला साधन श्रवण है। उसके द्वारा गुरु के मुख से तत्व को सुनकर श्रेष्ठ बुद्धि वाला विद्वान पुरुष अन्य साधन कीर्तन एवं मनन कि सिद्धि करे। भगवान शंकर कि पूजा ,उनके नामो के जप तथा उनके गुण, रुप, विलास और नामो का युक्ति परायणचित्त के द्वारा जो निरंतर परिशोधन या चिंतन होता है।उसी को मनन कहा गया है। वह महेश्वर कि कृपा-दृष्टि से उपलब्ध होता है। श्री शिवमहापुराण की महाआरती कथा के मुख्य यजमान डा. अनूप श्रीवास्तव, डा. रानी श्रीवास्तव व गिरीश खरे द्वारा किया गया।

## जिला प्रशासन, नगर पालिका परिषद के जरिए लोगों को राहत पहुंचा रहा

# मूसलाधार बारिश से फिर उफने नदी नाले गोविंदसागर बांध के गेट खोले

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

गुरुवार की सुबह से शुरू हुई मूसलाधार बारिश के कारण जिले में फिर जगह-जगह जल भराव की समस्या विकराल हो चली है। जिला प्रशासन की ओर से नगर पालिका परिषद के जरिए लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन वह भी नाकाफी साबित हो रहा है। हालात यह हैं कि विगत कुछ दिनों से तेज धूप निकल रही थी, जिसके चलते जल भराव वाले स्थानों पर कार्य कराकर समस्या का निस्तारण कराया जा सकता था, लेकिन शिथिल कार्यप्रणाली के चलते ऐसा हो न सका और अब आलम यह है कि उक्त स्थानों पर फिर से भारी जल भराव की समस्या देखने को मिल रही है।

### पाली में गिरी कच्चे मकान की छत

श्रीनीलकण्ठेश्वर भगवान भोलेनाथ की नगरी जो कि पान के लिए विख्यात है के हजारिया वार्ड संख्या 9 में रहने वाले शंकर चौरसिया के कच्चे मकान की छत गिर गयी है। इस कारण मजदूरी करने वाले शंकर चौरसिया को भारी नुकसान पहुंचा है। छत गिरने के कारण मकान में भी पानी भर गया है। बताया जा रहा है कि शंकर चौरसिया का यही निवास है, जिसमें वह अपने परिवार के साथ निवासरत है। पड़ोसियों



ने बताया कि विगत कई वर्षों से यहां जल भराव की समस्या बनी हुयी है, जिस पर कभी ध्यान नहीं दिया गया।

### बांधों के खुले गेट, हुई जल निकासी

गुरूवार को सुबह से ही शुरू हुयी मूसलाधार बारिश के चलते राजघाट बांध के भराव क्षेत्र में लगातार पानी की आवक हुयी है, निर्धारित क्षमता बनाए रखने के लिए गेट खोलकर कर 35 हजार क्यूसेक जल निकासी की जा रही है। जिसे अपराह्न में बढ़ाकर लगभग 75 हजार क्यूसेक पानी किया गया। इसके अलावा गोविंद सागर बांध से 16 गेटों को 6-6 फीट खोलकर 10450 क्यूसेक छोड़ा गया।

### बांध के 16 गेट खोलकर निकाला जा रहा पानी

सारी रात पानी बरसने के कारण गोविंद सागर बांध में पानी की आवक ज्यादा हो गई जिस कारण से दिन में 12बजे 12 गेट 6 /6 फुट खोलकर 56 84 क्यूसेक पानी की निकासी सुनिश्चित की जा रही थी उप जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सदर ने बताया कि बांध मैं जल की आवक निरंतर बढ़ते रहने के कारण 16 गेटों को 6-6 फीट से खोलकर डिस्चार्ज 5784 से बढ़ाकर 10450 क्यूसेक किया जाएगा। पानी रपटे के ऊपर रहेगा। गोविंद सागर बाँध से पानी की आवक अधिक होने के कारण 12:30 से पर 16 गेटों को बढ़ाकर सभी 18 गेटों को 6-6 फीट से खोलकर 10450 से बढ़ाकर 11754 क्यूसेक किया जाएगा। पानी रपटे के ऊपर रहेगा।



## दुकानदारों से जुर्माना वसूलने के निर्देश

# निर्धारित दुकान से पाठ्यक्रम खरीदने को विवश अभिभावक

**ललितपुर।** अंग्रेजी/ हिंदी माध्यम से संचालित प्राइवेट स्कूलों व पुस्तक विक्रेताओं की मिलीभगत से अभिभावकों से खुली लूट की जा रही है। प्रतिवर्ष जुलाई जिला प्रशासन से प्राइवेट स्कूलों और पुस्तक विक्रेता की मिलीभगत द्वारा की जा रही लूट के खिलाफ शिकायत की जाती हैं मगर जुलाई समाप्त होते ही है मामला ठंडा बस्ते में चला जाता है। बच्चे को शिक्षा दिलानी ही है इसलिए अभिभावक भी अपना मन मार कर शांत होकर रह जाता है। अब जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र में पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि कस्बा में संचालित मां गायत्री शिशु मंदिर में अध्ययनरत उनके बच्चों में प्रत्येक बच्चे का पाठ्यक्रम 4 से 5 हजार रुपये में एक निर्धारित दुकानदार द्वारा बेची जा रही है। जब इसका विरोध किया गया तो दुकानदार ने स्पष्ट किया कि विद्यालय द्वारा दाम निर्धारित किये गये हैं। पीड़ितों ने डीएम से प्रकरण में जांच कराये जाने की गुहार लगायी है। डीएम को अवगत कराया कि उनके बच्चे इसी विद्यालय में अध्ययनरत हैं, जिन्हें पाठ्यक्रम लेने के लिए निर्धारित दुकान बतायी गयी, जहां पाठ्यक्रम लेने पहुंचे तो वहां प्रत्येक बच्चे का पाठ्यक्रम 4 से 5 हजार रुपये का आया, जब धनराशि कम करने की बात कही गयी तो दुकानदार द्वारा विद्यालय से कमीशन व दाम निर्धारित किये जाने की बात बार-बार कही गयी । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने डीआईओएस ओमप्रकाश को फटकार लगाते हुए जो भी विद्यालय एक निश्चित बुक डिपो के लिए अभिभावकों को कोर्स लेने के लिए बाध्य कर रहे उनको चिन्हित कर जुर्माना लगाते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।



## आरोप पत्र फिर से प्रस्तुत करने के निर्देश

# एलयूसीसी घोटाले में कोर्ट का बड्स एक्ट की धारा 3/21 में संज्ञान से इनकार




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुन्देलखण्ड में चर्चित एलयूसीसी के कथित घोटाले से जुड़े आपराधिक वाद में आज एक महत्वपूर्ण न्यायिक आदेश पारित किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश (बड्स एक्ट, 2019) यादवेन्द्र सिंह की अदालत ने एलयूसीसी के विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामले में बड्स अधिनियम की धारा 3/21 के अंतर्गत प्रसंज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना कोतवाली ललितपुर में दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप था कि एलयूसीसी द्वारा निवेशकों से अवैध तरीके से धन एकत्र किया गया। विवेचक द्वारा विवेचना के उपरांत आरोप पत्र भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के साथ-साथ बड्स एक्ट की धारा 3/21 के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### कोर्ट ने क्या कहा

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि एलयूसीसी एक पंजीकृत बहु-राज्य सहकारी समिति है, जो कि मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज एक्ट, 2002 के अंतर्गत भारत सरकार के केन्द्रीय रजिस्ट्रार से पंजीकृत है। न्यायालय ने यह माना कि सोसाइटी द्वारा चलाई जा रही स्कीम रेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम की श्रेणी में आती है, न कि अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम की। अतएव बड्स अधिनियम की धारा 4/22 के प्रावधान इस मामले पर लागू होंगे न कि धारा 3/21 के, जैसा कि विवेचक ने आरोपपत्र में जोड़ा था।

### न्यायालय का निर्देश

न्यायालय ने कहा कि चूँकि धारा 4/22 से जुड़े मामलों में केवल रेगुलेटर द्वारा योजित परिवाद के आधार पर ही संज्ञान लिया जा सकता है (धारा 27), इसलिए वर्तमान में अभियुक्तगणों के विरुद्ध बड्स एक्ट की धारा 3/21 के अंतर्गत प्रसंज्ञान नहीं लिया जा सकता। इस आधार पर अदालत ने केस डायरी और आरोप पत्र वापस विवेचक को इस निर्देश के साथ लौटाने का आदेश दिया कि वे इसे सक्षम न्यायालय में नियमानुसार प्रस्तुत करें।

### प्रमुख कानूनी बिंदु

रेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम की पुष्टि एलयूसीसी के पंजीकरण प्रमाणपत्र, बायलॉज और रजिस्ट्रार की जानकारी से हुई। धारा 3/21 बड्स एक्ट केवल अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम पर लागू होती है। धारा 4/22 के अंतर्गत अपराधों पर संज्ञान लेने के लिए रेगुलेटर द्वारा परिवाद अनिवार्य है धारा 27 के अंतर्गत।

### यह है मामला?

एलयूसीसी पर आरोप है कि उसने निवेशकों को गुमराह करके भारी मात्रा में धन एकत्र किया। यह प्रकरण बुंदेलखंड में तेजी से फैलती निवेश योजनाओं पर सवाल उठाता है। कई निवेशकों ने अपनी जमा पूंजी गँवा दी और न्याय की आस में अदालत की शरण ली है। यह आदेश न केवल प्रक्रियात्मक न्याय की मिसाल है बल्कि यह भी दर्शाता है कि वित्तीय अपराधों में कानूनी प्रक्रिया और तकनीकी पहलू कितने महत्वपूर्ण होते हैं। न्यायालय का यह रुख भविष्य के कई निवेश घोटालों की जांच दिशा तय कर सकता है।

# पुलिस ने वाहन सहित 29.15 क्विंटल चावल किया जब्त

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में पिसनारी नहर के पास पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन में लदे सरकारी योजना के फोर्टीफाइड चावल को बरामद किया गया है। इस मामले में वाहन चालक और मालिक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विगत 20 जुलाई 2025 को अपराह्न लगभग 3.40 बजे कोतवाली पुलिस द्वारा पिकअप संख्या यूपी 94 टी 7232 को रोका गया, जिसे श्रीचन्द्र कुशवाहा चला रहा था। जांच में सामने आया कि उक्त वाहन में 53 बोरी चावल, 4 बोरी जी (चना), और 4 बोरी भूसा लदा हुआ था, लेकिन कोई वैध दस्तावेज या अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। पूर्ति निरीक्षक दीपक जैन द्वारा की गई जांच में यह चावल सरकारी योजनाओं में राशन, आईसीडीएस, और एमडीएम (मिड-डे मील) में वितरित होने वाला फोर्टीफाइड चावल पाया गया। उल्लेखनीय है कि ललितपुर में चावल की पैदावार नगण्य है, जिससे स्पष्ट होता है कि इस चावल की आपूर्ति गैरकानूनी माध्यम से की जा रही थी। गाड़ी मालिक सोन सिंह एवं चालक श्रीचन्द्र कुशवाहा के विरुद्ध जिलाधिकारी के आदेशानुसार प्राथमिकी संख्या 0829/2025 दर्ज कर ली गई है। यह कृत्य उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु (विक्रय एवं वितरण नियंत्रण का विनियमन) आदेश 2016 का उल्लंघन है जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय है। बरामद चावल को स्थानीय उचित दर विक्रेता राकेश साहू के सुपुर्द करते हुए सुरक्षित रखा गया है, जो उच्चाधिकारी या न्यायालय के आदेश पर प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं वाहन को कोतवाली परिसर में खड़ा कर अग्रिम कार्यवाही हेतु रखा गया है। जांच रिपोर्ट, बरामदगी फर्द, गवाहों के बयान एवं एफसीआई की प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि यह चावल सरकारी योजना से संबंधित था और अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। प्रशासन की सतर्कता से एक बड़ी कालाबाजारी का पर्दाफाश हुआ है।

**फोर्टीफाइड चावल की कालाबाजारी का फिर भंडाफोड़**

## ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन

# कचनौंदा बांध में अधिग्रहीत जमीन पर पुर्नवास कराएं

ललितपुर। कचनौंदा बांध में अधिग्रहीत जमीन से सम्बन्धित लोगों को पुर्नवास स्थापित कराये जाने की मांग को लेकर ग्राम भारौनी के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने डीएम को अवगत कराया कि तहसील महरौनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम भारौनी के किसानों की जमीनें कचनौंदा बांध के भराव क्षेत्र के लिए अधिग्रहीत किया गया था। अब जबकि लगातार बारिश हो रही है कचनौंदा बांध से जल निकासी किये जाने से गांव के अधिकांश घरों में पानी भर गया है। बताया कि यहां के लोगों को पुर्नवास स्थापित नहीं किया गया है। जिससे लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं और जानवरों को भी रखने में असुविधा हो रही है। घरों के आसपास जल भराव होने के कारण विषैले जीवों के आने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। वहीं गन्दे पानी के कारण लोगों में संक्रामक बीमारियां फैलने का डर भी बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सम्बन्ध में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन जमीन अधिग्रहीत करते समय ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया था, जो कि पूरा नहीं किया गया। ज्ञापन देते समय श्रीपत, राजा भैया, अजय, भरत, अमर सिंह, विनोद कुमार, चुन्नू, सुनील, मोहन, कोमल प्रसाद, बृषभान, रामपाल, सोबरन आदि मौजूद थे।

### फैमिली आईडी बनवाने करें जागरुक : ईओ

ललितपुर। नगर पालिका ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने समस्त कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में ईओ ने फैमिली आईडी-एक परिवार एक उन्नति के बारे में सभी को जानकारी दी। कहा कि समस्त कर्मचारी अपनी-अपनी फैमिली आईडी बनवा ले तथा पालिका में आने वाले नगरवासियों को भी फैमिली आईडी बनाये जाने हेतु जागरूक करें। उन्होंने कहा कि एक परिवार, एक पहचान के तहत यूपी सरकार द्वारा फैमिली आईडी जारी की जा रही है. उत्तर प्रदेश में राशन कार्ड के जरिए परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है लेकिन, अब उत्तर प्रदेश में आप फैमिली आईडी बनवाकर भी केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ ले सकते हैं. फैमिली आईडी के तहत यूपी में रहने वाले परिवारों का लाइव डेटाबेस तैयार किया जा रहा है. इस योजना के तहत हर एक परिवार को फैमिली आईडी के तहत एक विशिष्ट नंबर जारी किया जा रहा है।इस वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं फैमिली आईडी। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान होगा, यह कार्ड 12 अंकों का होगा, जिसमें पूरे परिवार का ब्यौरा होगा, लोगों को आय, जाति और निवास व अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भाग-दौड़ नहीं करना पड़ेगा।

## आरटीसी में शामिल हुए रिक्रूट को प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की जानकारी दी

# आरक्षियों को पढ़ाया गया अनुशासन का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर, ललितपुर में आरटीसी प्रशिक्षण के लिये आये रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ किया गया । ब्रीफिंग के दौरान आरक्षियों को ट्रेनिंग की बेसिक जानकारी देते हुए बताया कि अनुशासन, अच्छा आचरण, सोशल मीडिया पॉलिसी आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के दौरान दी जाने वाली बेहतर मूलभूत सुविधाये प्रदान करने के सम्बन्ध में अधिकारी, कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । ट्रेनिंग के दौरान अभ्यर्थियों को आधारभूत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को लेकर आवश्यक जानकारी दी





गयी । ट्रेनिंग के दौरान दैनिक दिनचर्या के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अभ्यर्थियों को वर्तमान में टैक्नोलाजी का सदुपयोग करते हुए अपना कौशल विकास करने हेतु प्रेरित किया गया । पुलिस के आचरण जैसे रूढिवादी सोच, गैर पक्षपात पूर्ण कार्य, महिलाओं के विरूद्ध अपराधों के प्रति संवेदनशीलता बरतने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को अवगत कराया गया पुलिस को ईमानदारी पूर्वक जाति, धर्म व राजनैतिक बातो से परे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु अवगत कराया गया । उप्र पुलिस के गौरवमयी इतिहास में आने वाले अगले 35 से 40 वर्षों तक बदलते हुए समय को देखते हुए एक बीट आरक्षी की भूमिका बहुत अहम हो जाती है । आरक्षी पद से ही हमारी पुलिस प्रणाली मजबूत होती है तथा अपराधियों व अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलती है, के सम्बन्ध में अवगत कराया गया ।

ट्रेनिंग के दौरान अभ्यर्थियों को अनुशासन में रहने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सोशल मीडिया पॉलिसी के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को विस्तार से बताया गया । तत्पश्चात अभ्यर्थियों को महिला सम्बन्धी सुरक्षा व शासन द्वारा महिलाओं के सम्बन्ध में संचालित अभियानों के सम्बन्ध में बताया गया । शारीरिक प्रशिक्षण के दौरान आउटडोर में होने वाली क्रियाये जैसे पीटी, योगासन, खेलकूद आदि के महत्व के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को अवगत कराया गया । बेसिक पुलिसंग के बारे में जानकारी दी।

### अपराध नहीं अब सम्मान से जीवन जैसे सकारात्मक अभियान के तहत लोगों को प्रेरित किया

# सांसी समुदाय के 36 लोगों ने आत्मसमर्पण कर थामा समाज की मुख्यधारा का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के बोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कडियां में बुधवार दोपहर 1 बजे एक ऐतिहासिक सामाजिक परिवर्तन देखने को मिला, जब सांसी समुदाय के 36 लोगों ने अपराध का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का संकल्प लिया। आत्मसमर्पण करने वालों में ग्राम कडियां से 28 और गुलखेड़ी से 8 लोग शामिल हैं। इस आत्मसमर्पण कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस राजगढ़ अधिक्षक अमित तोलानी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें अपराध नहीं अब सम्मान से जीवन" जैसे सकारात्मक अभियान के तहत लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी उपेंद्र सिंह भाटी ने सभी को नशा मुक्त रहने की शपथ भी दिलाई, जिससे समाज में एक नया संदेश गया।

## पुलिस की बदली रणनीति अपराध नहीं, पुनर्वास प्राथमिकता



राजगढ़ पुलिस द्वारा उठाया गया यह कदम केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की नई इबारत लिखने की ओर भी एक मजबूत कदम है। इस आत्मसमर्पण कार्यक्रम से यह स्पष्ट हुआ कि जब प्रशासन, जनप्रतिनिधि और समाज साथ मिलकर कार्य करें, तो किसी भी समुदाय को अपराध से निकालकर सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर किया जा सकता है। अब इन परिवारों को शासन द्वारा प्रशिक्षण, रोजगार और पुनर्वास से जोड़ने की दिशा में भी कार्रवाई की जाएगी, ताकि ये हमेशा के लिए समाज के जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

### बोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कडियां सांसी से अपराध में पेश होने वाले आरोपी

राजेंद्र कुमार, आदित्य सिसोदिया, हर्षित सिसोदिया, अशोक सिसोदिया, राजूकुमार सिसोदिया, अफेरसर, संगीता बाई, राजकुमार, सेक्रेटरी उर्फ सिकंदर , कर्मो उर्फ करम सिंह निखिल , निखिल शास्त्री, ऋतिक सांसी, संतोष, अंशु ,सचिन, पिंकी बाई ,कंकू बाई गगन, चंद्र उर्फ चंदरिया प्रदीप, अरुण भानेरिया, बादल ,जितेंद्र सिसोदिया ,राज सिसोदिया ,पारस सिसोदिया, विकास धापानी, मोंटी ,बाबू सिसोदिया। ग्राम गुलखेड़ी महेश सिसोदिया, विनीत सिसोदिया, हाकम, मजनू आनंद, बबलू सांसी सहित कुल 36 लोगों ने आत्म समर्पण किया।

### उद्योग लगाने की मांग, ग्रामीणों की आवाज बुलंद

ग्रामवासी राजू सिसोदिया ने मौके पर विधायक मोहन शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी से ग्राम कडियां में उद्योग फैक्ट्री स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गांव के अधिकतर लोग अनपढ़ हैं, उनके पास जीविका का कोई साधन नहीं है। इस पर विधायक मोहन शर्मा दादा ने आश्वस्त करते हुए कहा, आप यहां सकारात्मक माहौल बनाएँ, शासन और प्रशासन से चर्चा कर फैक्ट्री लगाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा वर्ग और प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

### जपं सीईओ ने उच्चाधिकारियों को भेजा निलंबन का प्रस्ताव

# जिंदा व्यक्तियों को पोर्टल पर मृत बताने वाले सचिव पर कार्रवाई


साहब हम जिंदा हैं, सचिव ने कागजों में कर दिया मृत घोषित
कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे लसुड़ली धाकड़ के छह आवेदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टोरेट में मंगलवार को हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई में राजगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत लसुड़लिया धाकड़ के 6 बुजुर्गों ने समग्र पोर्टल पर मृत घोषित किए जाने की शिकायत की थी। शिकायतकर्ताओं ने पंचायत सचिव करण सिंह नागर पर दुर्भावनापूर्वक पोर्टल से नाम हटाने के आरोप लगाए थे।


इस मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर द्वारा राजगढ़ जनपद सीईओ को जांच सौंपी गई। जांच में सामने आया कि सचिव नागर की लापरवाही से उक्त छह ग्रामीणों के नाम पोर्टल से डिलीट कर दिए गए हैं। ऐसे में सीईओ ने नागर को सस्पेंड करने का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया है। इसके साथ ही सचिव नागर की एक वेतनवृद्धि रोकने के लिए भी उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### तीन नाम जोड़े गए बाकी की कार्रवाई जारी

जनपद से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में बालचंद पिता मोतीलाल, लक्ष्मीचंद पिता जगन्नाथ एवं बद्रीलाल पिता देवीचंद के आईडी समग्र पोर्टल पर जोड़ दिए गए हैं, वहीं शेष तीन नाम भी जोड़े जाने की कार्यवाही प्रचलित है।

### एफआईआर के बाद अब विभाग ने भी की कार्रवाई

# आजाद खान को सस्पेंड करने का प्रस्ताव डायरेक्टर को भेजा


कार्यालय : उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाऐं, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0
क्रमांक 3130 / स्थापना / 2025-26 / राजगढ़, दिनांक 22/07/25
प्रति,
संचालक
पशुपालन एवं डेयरी विभाग
मध्यप्रदेश भोपाल
विषय :- निलंबन करने बावत्।
0000000
उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि श्री आजाद खॉन सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, पशु चिकित्सालय नरसिंहगढ़ (संलग्न पशु औषधालय पिपलोदी) के विरुद्ध थाना राजगढ़ में दिनांक 22.07.2025 एफआईआर दर्ज हुई है, एवं भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस), 2023 308 (6), भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस), 2023 79 एवं सूचना प्रोद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000, 66 ई के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करते हुये पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया है।
अतः श्री आजाद खॉन, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, म0प्र0 सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 में दिये गये प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की अनुशंसा की जाती है।
संलग्न :- पंजीबद्ध एफ.आई.आर. की छायाप्रति
उपसंचालक
पशु चिकित्सा सेवाऐं,
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0
क्रमांक 3131 / स्थापना / 2025-26 / राजगढ़, दिनांक 22/07/25
प्रतिलिपि :-
1. कलेक्टर महोदय, जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. पुलिस अधिक्षक महोदय, जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
उपसंचालक
पशु चिकित्सा सेवाऐं,
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0

**राजगढ़।** एक विवाहिता महिला के आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए 50 हजार रुपए की अड़ीबाजी करने वाले पशु चिकित्सा विभाग के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आजाद खान निवासी राजगढ़ पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। आजाद खान पर एफआईआर दर्ज होने के बाद अब विभाग ने भी उन पर कार्यवाही प्रस्तावित की है।

पशु चिकित्सा विभाग के उप-संचालक महिपाल सिंह कुशवाह ने बताया कि आजाद खान को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने का प्रस्ताव विभाग के डायरेक्टर को भेजा गया है। चूंकि उनका कृत्य मप्र सिविल सेवा अचारण के प्रतिकूल है, ऐसे में उन्हें सस्पेंड किए जाने की अनुशंसा की गई है। उधर, हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने इस मामले को लव-जिहाद से जुड़ा हुआ बताते हुए तीखा निंदा की है।

### नरसिंहगढ़ से पिपलोदी किए गए थे अटैच

आपको बतादें कि विभाग ने सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आजाद खान को पशु चिकित्सालय नरसिंहगढ़ में पदस्थ कर रखा था। लेकिन, बाद में उन्हें राजगढ़ क्षेत्र के पिपलोदी पशु औषधालय में अटैच कर दिया गया था।

## राजेंद्र जोशी गुर्जर गौड़ महासभा के राष्ट्रीय सचिव बने



**राजगढ़।** गुर्जर गौड़ ब्रहामण समाज महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने नगर निवासी राजेंद्र जोशी काका को महासभा के राष्ट्रीय सचिव पद पर नियुक्त किया है। जोशी को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर समाजजनों सहित नगर के प्रबद्धजनों में हर्ष व्याप्त है। उन्हें यह पद मिलने पर पूर्व विधायक पंडित हरिचरण तिवारी, एडवोकेट एचबी व्यास, नगर सभा अध्यक्ष पीयूष शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, शिवचरण शर्मा, विकास कौशिक, नवीन शर्मा, अशोक दुबे, राजेंद्र दुबे, बृजेश व्यास, वीरेंद्र पंचोली, विजय पंचोली, ओम शर्मा, दीनदयाल शर्मा, गिरिराज जोशी, कुंज बिहारी भरथरे, बृजमोहन सरावत, तेजेंद्र उपाध्याय, सुशील शर्मा, ज्योति प्रकाश वाजपेयी सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी हैं।

### कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं वार्ड 8 के बाशिंदे

# विकास कार्यों हेतु राशि स्वीकृत करने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

**राजगढ़।** नगर के वार्ड 8 में विभिन्न विकास कार्यों हेतु नगरीय प्रशासन विभाग से राशि स्वीकृत कराने की मांग को लेकर पार्षद प्रतिनिधि केपी पंवार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। इस दौरान उन्होंने सीएम को एक मांगपत्र सौंपते जल्द राशि स्वीकृत करवाने का आगृह किया। सीएम को सौंपे गए मांगपत्र में वार्ड-8 संकट मोचन कॉलोनी में नाली निर्माण एवं सीसी रोड निर्माण, बाउन्ड्रीवाल एवं सामुदायिक भवन निर्माण, उचित विद्युत व्यवस्था हेतु आधुनिक पद्धति से बिजली पोल एवं केबलीकरण कार्य की मांग रखी गई है।



### ऊर्जामंत्री तोमर से भी की भेंट

इसी कड़ी में पार्षद प्रतिनिधि पंवार एवं बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न्य सिंह तोमर से भी भेंट की। इस दौरान उन्हें वार्ड के प्रतापगंज क्षेत्र में लंबे समय से बिजली आपूर्ति व्यवस्था में आ रही बाधा, लो-वोल्टेज एवं बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से अवगत कराया गया। तोमर को सौंपे गए पत्र में उल्लेख किया कि वार्ड-8 में स्थित ट्रांसफार्मरों की क्षमता कम होने एवं पुराने तारों के कारण विद्युत व्यवस्था बार-बार बाधित होती है। मंत्री तोमर ने विभाग के उच्चाधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए निर्देश दिए हैं।

## भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस, वक्ताओं ने बताया उद्देश्य



**ब्यावरा।** बुधवार को भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। भारतीय मजदूर संघ की स्थापना को इस वर्ष 70 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर 23 जुलाई को जिला स्तर पर एक स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ प्रदेश मंत्री एवं संभाग प्रभारी श्रीमती मेघा दुबे एवं विशेष अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक पवन मेहता एवं विभाग प्रमुख गोपाल शर्मा का उद्बबोधन कार्यकर्ताओं को मिला।इस कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा भारतीय मजदूर संघ की स्थापना, उद्देश्य, सिद्धांतों एवं इसकी कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए संगठित श्रमिक आंदोलन के संबंध में मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संजय शेखर शर्मा ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राजेश सक्सेना, राज्यकर्मचारी संघ के जिला संयोजक नागेंद्र गुर्जर, हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक अशोक मिश्रा, वरिष्ठ नागरिक जिला अध्यक्ष राजेंद्र सक्सेना, बापू सुमन, देवराज लोधी, राजेश मेवाड़े, सुरेश शर्मा, धीरज नागर, कृष्णा मालवीय, पार्वती लहरी, अनीता महाजन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को मिला सहारा, अपना घर आश्रम शिवपुरी में भर्ती

**गुना।** समाजसेवी प्रमोद भार्गव को बुधवार को कुम्भराज क्षेत्र में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के भटकने की सूचना मिली। तुरंत सक्रिय होते हुए वे मौके पर पहुँचे और उक्त व्यक्ति को गुना लाकर प्राथमिक काउंसलिंग कराई गई। मानसिक स्थिति कमजोर होने के कारण व्यक्ति अपनी पहचान और निवास स्थान की कोई जानकारी नहीं दे सके, पर ये भी किसी के यहाँ बंधक रूप मे काम करते थे,

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रमोद भार्गव ने उसे शिवपुरी स्थित अपना घर आश्रम में भर्ती कराया, जहाँ ऐसे जरूरतमंदों को भोजन, चिकित्सा व देखभाल की सुविधाएँ दी जाती हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है। प्रमोद भार्गव इससे पहले भी जिला प्रशासन के सहयोग से सैकड़ों बंधुआ मजदूरों को मुक्त करा चुके हैं। उनके प्रयासों से न केवल लोगों को बंधन से मुक्ति मिली, बल्कि मानसिक रूप से विक्षिप्त या बेसहारा लोगों को भी पुनर्वास का अवसर मिला है। इस अभियान के तहत कई लोग अब अपने आप भी आश्रय के लिए पहुँच रहे हैं। ऐसे लोगों को भी अपना घर आश्रम में सुरक्षित स्थान दिया जाता है। आश्रम द्वारा बाद में उनके परिजनों की खोज की जाती है और अब तक देश के कई राज्यों से सैकड़ों परिवारों को उनके बिछुड़े हुए सदस्य मिल चुके हैं। समाजसेवी प्रमोद भार्गव का यह प्रयास समाज के उन वर्गों के लिए एक नई उम्मीद बनकर सामने आ रहा है, जिन्हें लंबे समय से नजरअंदाज किया जाता रहा है। मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

### नालियों की निकासी, सड़क, स्ट्रीट लाइट व सफाई की व्यवस्था की मांग

# ड्रीम होम सिटी कॉलोनीवासियों ने समस्याओं को लेकर नपाध्यक्ष व सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**सारंगपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 16 स्थित ड्रीम होम सिटी कॉलोनी के रहवासियों ने बुधवार को कॉलोनी की विभिन्न मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कॉलोनीवासियों ने बताया कि क्षेत्र में जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। कई घरों में लोग बीमार भी हो रहे हैं। साथ ही कॉलोनी में पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे बारिश के दिनों में भीषण कीचड़ फैल रहा है और राहगीरों तथा दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने की घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने यह भी बताया कि कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं होने से अंधेरे में जहरीले जानवरों के घूमने व चोरी जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं क्षेत्र में सुअरों का आतंक भी बना हुआ है, जो न केवल गंदगी फैला रहे हैं, बल्कि लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन गए हैं।इसके अलावा कॉलोनी में बड़े-बड़े कंटीले पेड़ों की भरमार है, जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। नियमित सफाई कर्मचारी की नियुक्ति न होने से स्वच्छता व्यवस्था भी चरमराई हुई है।



ज्ञापन के माध्यम से कॉलोनीवासियों ने जलनिकासी, पक्की सड़क, स्ट्रीट लाइट, सफाई कर्मी की नियुक्ति, सुअरों को हटाने एवं कंटीले पेड़ों की कटाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में राधेश्याम शर्मा, राजेंद्र पटवा, मनीष गगरानी, शशिकांत नेमा, विजय पालीवाल, लखन मीणा, अभिषेक बार किया, सुनील पाटीदार एवं श्याम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में छात्रों ने जाना राष्ट्रभक्ति का महत्व

# बाल गंगाधर तिलक व चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि तिलक और आजाद जैसे क्रांतिकारियों के त्याग और बलिदान की बदौलत ही देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। दोनों ही नेता गरम दल से संबंध रखते थे और अंग्रेजों को भारत से उखाड़ फेंकने के लिए निरंतर संघर्षरत रहे।



कार्यक्रम में डॉ. शिवराज सिंह राठौर, प्रभारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का विषय 'ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना का पराक्रम' रहा। उन्होंने बताया कि यह अभियान पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाया गया था, जो वीरता और साहस का प्रतीक है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सोनम करोड़िया ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल मंगूभाई पटेल तथा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की गरिमामयी उपस्थिति में भोपाल में आयोजित एक कार्यशाला का सीधा प्रसारण भी महाविद्यालय के छात्रों को दिखाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य, प्रोफेसरगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में साइकिल वितरण समारोह आयोजित



**जीरापुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण समारोह आयोजित हुआ। बुधवार को राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार 4 किलोमीटर से अधिक दूरी से विद्यालय में कक्षा छठी एवं कक्षा नौवीं में अध्ययन करने आने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने विधालय के 41 विधार्थियों को साईकिल प्रदान की। लाखन सिंह तोमर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ,दिनेश जमींदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामबाबू पाटीदार, समन्वयक गजेंद्र शर्मा, प्राचार्य विनोद कुमार चैधरी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जहां पर अतिथि गणों द्वारा मां सरस्वती की पूजन कर कार्यक्रम शुरू किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि छात्रों को शासन के द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ लेने तथा अच्छे से अध्ययन कर अपने गांव परिवार का नाम रोशन करना चाहिए एवं मोबाइल से छात्रों को दूर रहना चाहिए , शासन द्वारा सरकारी स्कूलों को प्राइवेट विद्यालयों से भी अधिक विकसित किया जा रहा है। तथा विद्यालय में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, लैपटॉप ,स्कूटी मध्याह्न भोजन,गणवेश वितरण एवं छात्रवृत्ति दी जाती है जिससे हमें अध्ययन करने में मदद मिलती है। विधायक दांगी ने अपने बचपन के विद्यालय के अनुभव छात्रों के समक्ष प्रस्तुत कर छात्रों को प्रेरित किया की हमें अपने जीवन में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है जो छात्र जितना अधिक मेहनत करेगा उसको उतना ही फायदा होगा तथा छात्रों को प्रेरित करते हुए यह भी बताया कि इस विद्यालय से बच्चे डॉक्टर, आईं एस, इंजीनियर, शिक्षक, थानेदार तक पहुंचे हैं। आप लोग भी मेहनत कर अपना सर्वश्रेष्ठ स्थान शिक्षा के माध्यम से बना सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में शिक्षक हरिश गुप्ता, भेरूलाल शर्मा, स्काउटर गोवर्धन लाल वर्मा, राकेश भावसार गिरिराज गुप्ता रेडीमेड, विजय भावसार, शैलेंद्र राठौड़, बालू पवार, लक्ष्मी नारायण दांगी, सीमा गुप्ता, शिवनाथ दांगी, शेफाली दांगी, अजय सेन रमेश चंद मेवाड़े, हेमराज सेन सहित विद्यालय का परिवार उपस्थित रहा।